NCERT
National Council Of Educational Research And Training

NCERT Solutions for 7th Class Hindi: Chapter 6-रक्त और हमारा शरीर (निबंध)

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 7th Class Hindi: Chapter 6-रक्त और हमारा शरीर (निबंध)

Class 7: Hindi Chapter 6 solutions. Complete Class 7 Hindi Chapter 6 Notes.

## NCERT Solutions for 7th Class Hindi: Chapter 6-रक्त और हमारा शरीर (निबंध)

NCERT 7th Hindi Chapter 6, class 7 Hindi Chapter 6 solutions

पृष्ठ संख्या: 40

प्रश्न अभ्यास

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-7th-class-hindi-chapter-6-rakt-aur-hamara-sharir-nibandh/

पाठ से

**1.** रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए**?**

उत्तर

रक्त के बहाव को रोकने लिए उस स्थान पर कसकर एक साफ़ कपड़ा बाँध देना चाहिए चूँकि दबाव पड़ने पर रक्त का बहना कम हो जाता है, जो व्यक्ति के लिए लाभप्रद सिद्ध होता है फिर तुरंत हमें उस व्यक्ति को डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

**2.** खून को **'**भानुमती का पिटारा**'** क्यों कहा जाता है**?**

उत्तर

जिस तरह भानुमति के पिटारे में कई तरह की वस्तुएँ मौजूद होती हैं उसी तरह अगर हम खून की एक बून्द को भी सूक्ष्मदर्शी द्वारा देखें तो उसमें लाखों की संख्या में लाल रक्त कण मौजूद मिलेंगें। इसके अलावा कुछ कण सफ़ेद तथा कुछ रंगहीन होते हैं। तरल भाग प्लाज्मा होता है रंगहीन कण प्लाज्मा में तैरते रहते हैं। इन्हीं विविधताओं के कारण खून को भानुमती का पिटारा कहा जाता है।

**3.** एनीमिया से बचने के लिए हमें क्या**-**क्या खाना चाहिए**?**

उत्तर

एनीमिया से बचने के लिए हमें पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। हमें प्रोटीन, विटामिन और लौह-तत्व युक्त भोजन जैसे हरी सब्जी, फल, दूध, अंडें आदि खाने चाहिए।

**4.** पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं**?** इनसे कैसे बचा जा सकता है**?**

उत्तर

पेट में कीड़े प्रायः दूषित जल पीने और दूषित खाना खाने से होते हैं। कुछ ऐसे किस्म के भी कीड़े होते हैं जिनके अंडे जमीन की ऊपरी सतह में होते हैं और उनसे निकले लार्वे त्वचा के रास्ते हमारे पीट में चले जाते हैं।

इनसे बचने के लिए हमें सफाई से बनाये गए खाद्य पदार्थों को खाना चाहिए। भोजन करने से पहले और बाद में हाथ अच्छी तरह से धोना चाहिए और साफ़ पानी पीना चाहिए। ख़ास किस्म के कीड़ों से बचने के लिए हमें शौच के लिए शौचालय का प्रयोग करना चाहिए तथा नंगे पैर इधर-उधर घूमने से बचना चाहिए।

**5.** रक्त के सफ़ेद कणों को **'**वीर सिपाही**'** क्यों कहा गया है**?**

उत्तर

जब रोगाणु शरीर पर हमला करते हैं तो रक्त के सफ़ेद कण उनसे डटकर मुकाबला करते हैं और जहाँ तक संभव होता है वह रोगाणुओं को हमारे शरीर के भीतर घर करने नही देते इसलिए इन्हें वीर सिपाही कहा गया है।

**6.** ब्लड-बैंक में रक्तदान से क्या लाभ हैं**?**

उत्तर

ब्लड-बैंक में रक्दान से हम खून की आवश्यकता वाले मरीजों की जान बचा सकते हैं। किसी आवश्यक मरीज को किसी भी रक्त-समूह का रक्त ब्लड-बैंक से दिया जा सकता है।

**7.** साँस लेने पर साफ़ हवा से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से निम्न में से कौन पहुँचाता है**?**

सफ़ेद कण, लालकण, साँस नाली, फेफड़े

उत्तर

साँस लेने पर साफ़ हवा से जो ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाते हैं।

पाठ से आगे

**1.** रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है **-**

जस्ता, शीशा, लोहा, प्लैटिनम

उत्तर

लोहा खनिज

**2.** बिम्बाणु (प्लेटलैट कण) की कमी किस बीमारी में पाई जाती है **-**

टाइफायड, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया

उत्तर

डेंगू

भाषा की बात

**1. (क) चार महीने के होते-होते ये नष्ट हो जाते हैं -**

इस वाक्य को ध्यान से पढ़िए।इस वाक्य में 'होते-होते' के प्रयोग से यह बताया गया है कि चार महीने से पूर्व ही ये नष्ट हो जाते हैं। इस तरह के पाँच वाक्य बनाइए जिनमें इन शब्दों का प्रयोग हो -

बनते-बनते, पहुँचते-पहुँचते, लेते-लेते, करते-करते

उत्तर

बात बनते-बनते बिगड़ गयी।

स्टेशन पर पहुँचते-पहुँचते हमारी ट्रेन खुल गयी।

वह अपना सामान लेते-लेते रह गयी।

मैं अपना होमवर्क करते-करते थक गया।

**1. (ख) इन प्रयोगों को पढ़िए -**

सड़क के किनारे-किनारे पेड़ लगे हैं।

आज दूर-दूर तक वर्षा होगी।

इन वाक्यों में 'होते-होते' की तरह 'किनारे-किनारे' और 'दूर-दूर' शब्द दोहराए गए हैं। पर हर वाक्य में अर्थ भिन्न है।

किनारे-किनारे का अर्थ है - किनारे से लगा हुआ और दूर-दूर का-बहुत दूर तक।

आप भी निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए और उनके अर्थ लिखिए -

ठीक-ठीक, घड़ी-घड़ी, कहीं-कहीं, घर-घर, क्या-क्या

उत्तर

ठीक-ठीक (ठीक से) - उसने क्या बोला यह मुझे ठीक-ठीक याद नही है।

घडी-घडी (हर समय) - तुम घडी-घडी खेलते मत रहो।

कहीं-कहीं (कहीं पर) - यहाँ कहीं-कहीं पर आपको मोर देखने को मिल जाएँगे।

घर-घर (हर घर में) - यहाँ घर-घर कंप्यूटर है।

क्या-क्या (क्या) - बाजार से क्या-क्या लाना है।

पृष्ठ संख्या: 41

**2.** इस पाठ में दिए गए मुहावरों और कहावतों को पढ़िए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

'भानुमती का पिटारा', 'दस्तक देना', 'धावा बोलना', 'घर करना', 'पीठ ठोकना'।

उत्तर

हमारा संदूक भानुमति का पिटारा बन गया है।

लगता है किसी ने दरवाजे पर दस्तक दी।

जैसे ही उसने कुत्ते को पत्थर मारा उसने धावा बोल दिया।

यह शंका तुम्हारे दिमाग में घर कर गयी हैं।

अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत होने पर सबने उसकी पीठ ठोकी।

NCERT 7th Hindi Chapter 6, class 7 Hindi Chapter 6 solutions

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 7 Hindi :

- Chapter 1- हम पंछी उन्मुक्त गगन के (कविता)
- Chapter 2-दादी माँ (कहानी)
- Chapter 3-हिमालय की बेटियां (निबंध)
- Chapter 4-कठपुतली (कविता)
- Chapter 5-मिठाईवाला (कहानी)
- Chapter 6-रक्त और हमारा शरीर (निबंध)
- Chapter 7-पापा खो गए (नाटक)
- Chapter 8-शाम-एक किसान (कविता)
- Chapter 9-चिड़िया की बच्ची (कहानी)
- Chapter 10-अपूर्व अनुभव (संस्मरण-जापानी)
- Chapter 11-रहीम के दोहे (कविता)
- Chapter 12-कंचा (कहानी)
- Chapter 13 -एक तिनका (कविता)
- Chapter 14-खानपान की बदलती तस्वीर (निबंध)
- Chapter 15-नीलकंठ (रेखाचित्र)
- Chapter 16-भोर और बरखा (कविता)
- Chapter 17-वीर कुँवर सिंह (जीवनी)
- Chapter 18-संघर्ष के कारण मैं तुनकमिज़ाज हो गया: धनराज (साक्षात्कार)
- Chapter 19-आश्रम का अनुमानित व्यय (लेखा-जोखा)
- Chapter 20-विप्लव गायन (कविता)

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.